अमर उजाला 16 फरवरी

आयुष हेल्थ टूरिज्म से पूर्वांचल में घर-घर रोजगार मिलेगा : सीएम

योगी ने गोरखपुर में किया प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की ओपीडी का शुभारंभ

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष हेल्थ टूरिज्म से पूर्वांचल में घर-घर रोजगार मिलेगा। आयुष चिकित्सा पद्धति में सिर्फ संपूर्ण आरोग्यता ही नहीं है, बल्कि आयुष हेल्थ टूरिज्म के माध्यम से रोजगार की भी अपार संभावनाएं हैं। इस पर गंभीरता से ध्यान दिया जाए तो प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय के आसपास हर गांव और घर-घर को किसी न किसी स्वरूप में रोजगार के अवसर मिलेंगे।

मुख्यमंत्री योगी बुधवार को पिपरी, भटहट स्थित प्रदेश के पहले महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में ओपीडी सेवा का शुभारंभ करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। बटन दबाकर ओपीडी की शुरुआत करने के बाद उन्होंने कहा कि

महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विश्वविद्यालय में ओपीडी का शुभारंभ पर लगे स्टाल पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों का अन्नप्राशन भी किया।

पर्यटन के अनेक अवसरों में महत्वपूर्ण अवसर हेल्थ टूरिज्म है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में काफी संभावनाएं हैं।

उन्होंने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय हेल्थ टूरिज्म में नए अवसर देगा। इसमें सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री के कोर्स चलेंगे। युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा। घर-घर आयुष के नए-नए कार्य मिलेंगे। यहां अच्छी मिट्टी, पानी के साथ बड़ा जंगल भी है। आयुष हेल्थ टूरिज्म से जुड़ने पूरी दुनिया आएगी। आयुष विश्वविद्यालय से किसानों की खुशहाली और नौजवानों के लिए नौकरी-रोजगार का मार्ग प्रशस्त होगा। लोग आसपास उगने वाली जड़ी बूटियों का संग्रह कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकेंगे। किसानों को औषधीय खेती से फायदा मिलेगा।

सीएम ने कहा कि आयुष विश्वविद्यालय व्यापक पैमाने पर रोजगार और सकारात्मक परिवर्तन का कारक बनेगा। कोई जड़ी बूटियों के संग्रह से जुड़ेगा, तो कोई औषधीय पौधों की खेती से जुड़ेगा, कोई नौकरी व दुकानदारी से जुड़कर आगे बढ़ेगा। सबको रोजगार के नए-नए अवसर मिलेंगे। मुख्यमंत्री ने आह्वान किया कि विकास की प्रक्रिया से जुड़कर प्रदेश को देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में अपना योगदान दें।

>> हर जिले में मेडिकल कॉलेज की राह पर यूपी : पेज 2

दैनिक जागरण 22 फरवरी 2023



एमएमयूटी में आयोजित वार्षिक क्रीड़ा समारोह आयास 2023 में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एके सिंह • जागरण

प्रथम- रितिका सिंह, द्वितीय- जाह्नवी यादव, तृतीय- बरखा वाजपेई

गोला फेंक (बालिका वर्ग) : प्रथम- वंशिका निगम, द्वितीय- सेजल गुप्ता, तृतीय- स्वाति तिवारी, 200 मी. दौड़ (बालिका वर्ग) : प्रथम- स्नेहा गुप्ता, द्वितीय- गीतांजलि सिंह, तृतीय- नेहा चौरसिय

लंबी कूद (बालिका वर्ग) : प्रथम- स्नेहा गुप्ता, द्वितीय- गीतांजलि सिंह, तृतीय- नेहा चौरसिया

भाला फेंक (बालक वर्ग) : प्रथम- अविनाश पांडेय, द्वितीय- रोहित गुप्ता, तृतीय- पुष्पेंद्र।